**कार्यालय अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**गांधी चिकित्सा महाविद्यालय,स्वशासी समिति, भोपाल**

क्रमॉक 11438-43 /एम.सी./ अराज/05/2022 भोपाल, दिनॉक 17/03/2022

## // अनापत्ति प्रमाण –पत्र //

गॉधी चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध टी.बी. अस्पताल भोपाल में कार्यरत स्टाफ नर्स से प्राप्त आवेदन पत्रों के आधार पर मध्यप्रदेश चिकित्सा शिक्षा विभाग, मंत्रालय के आदेश क्रमांक एफ एफ 2/57/2018/55–1 दिनांक 30 सितम्बर 2018 में वर्णित बिन्दु 1 से 4 तक के नियम के अन्तर्गत आपसी सहमती से परस्पर अदला–बदली के आधार पर नवीन नियुक्ति के लिए आवेदन करने हेतु निम्न शर्तों पर अनापत्ति प्रमाण–पत्र निम्नानुसार जारी किया जाता है ।

| क | कर्मचारी का नाम (जाने वाले) | पदस्थापना स्थल (जाने वाले) | कर्मचारी का नाम (आने वाले) | पदस्थापना स्थल (आने वाले) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अलीशा खान (ई0डब्लू0एस0) | टी.बी. अस्पताल | करिश्मा राजपूत (ई0डब्लू0एस0) | चि0 महावि0 इंदौर |
| 2 | प्रियंका पाठक (अनारक्षित) | टी.बी. अस्पताल | अनुराधा जायसवाल (अनारक्षित) | चि0 महावि0 रीवा |
| 3 | रोशनी गर्ग (अनारक्षित) | टी.बी. अस्पताल | शानू चौरागडे (अनारक्षित) | चि0 महावि0 रीवा |

1. पारस्परिक नियुक्ति के आवेदन समान पद एवं समान संवर्ग के लिए होना चाहिए ,ऐसे आवेदन पत्रों पर संबंधित दोनों आवेदकों के हस्ताक्षर होना चाहिए ।
2. पारस्परिक नियुक्ति के प्रकरणों में दोनों आवेदकों को संबंधित महाविद्यालयों में चयन किया जाने की दशा में संबंधित महाविद्यालय ऐसे आवेदकों को नवीन नियुक्ति दे सकेगा ।
3. नवीन नियुक्ति दियें जाने की दशा में पूर्व महाविद्यालय में की गई सेवा का वेतन संज्ञान में लेते हुए चयनित व्यक्ति का वेतन निर्धारित किया जा सकेगा।
4. उक्तानुसार वरीयता निर्धारण के लिए नवीन नियुक्ति मानी जावेगी और ऐसी नियुक्ति पालन में महाविद्यालय में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से वरीयता निर्धारित होगी।
5. उपरोक्त अनापत्ति पत्र दोनो आवेदकों द्वारा अपने अपने नवीन कार्यस्थल पर चयनोपरांत कार्यभार ग्रहण करने की स्थिति में ही पूर्ण प्रभावी मान्य होगी। दोनो आवेदको में से एक भी आवेदक द्वारा अपनी नवीन पदस्थापना पर कार्य भार ग्रहण न करने पर उक्त अनापत्ति प्रमाण–पत्र स्वयमेव निरस्त माना जायेगा एवं आवेदकों को अपने मूल नियुक्ति स्थल पर पुनः कार्यभार ग्रहण करना होगा।

**अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**गांधी चिकित्सा महाविद्यालय,स्वशासी समिति, भोपाल**

पृ. कमांक ......11438-43........./स्था/अराज–5/2022 भोपाल, दिनांक 17/03/2022

**प्रतिलिपिः– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।**

1. अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, चिकित्सा महाविद्यालय, इंदौर/रीवा/ की ओर सूचनार्थ।
2. अधीक्षक, टी.बी.चिकित्सालय भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3. ................................................स्वाशासी स्टाफ नर्स द्वारा अधीक्षक, टी.बी.चिकित्सालय भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
4. आदेश नस्ति/व्यक्तिगत नस्ति।

17/03/2022

**अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**गांधी चिकित्सा महाविद्यालय स्वशासी संस्था भोपाल म.प्र.**